06.02.2026 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

○ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 10 बजे 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में देशभर के विद्यार्थियों से बातचीत करेंगे।

○ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–राज्य में खेजड़ी के संरक्षण के लिए कानून बनाया जाएगा।

○ अलवर के सरिस्का अभ्यारण्य में बाघ और चीता संरक्षण के लिए राष्ट्रीय कार्यशाला आज से।

○ देश की पहली सहकारिता आधारित टैक्सी सेवा ''भारत टैक्सी'' की शुरूआत हुई।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 10 बजे 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के 9वें संस्करण में देश भर के विद्यार्थियों से बातचीत करेंगे। इस वर्ष की चर्चा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान तनावमुक्त रहने में सहायता करना और एकाग्र होकर सीखने को प्रोत्साहित करना है।

इस कार्यक्रम का दूरदर्शन, प्रधानमंत्री के यूट्यूब चैनल और शिक्षा मंत्रालय के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लाइवटेलीकास्ट किया जाएगा। इसका वेव्स ओटीटी सहित कई ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी सजीव प्रसारण किया जाएगा।

इधर, प्रदेशभर के सभी स्कूलों में इस परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को सामूहिक रूप से दिखाया जाएगा। अजमेर में जिला स्तरीय कार्यक्रम राजकीय सावित्री उच्च माध्यमिक विद्यालय में रखा गया है। हमारे बाड़मेर संवाददाता ने बताया कि सजीव प्रसारण के लिए ग्रामीण इलाकों में भी एलईडी और प्रोजेक्टर लगाये गये हैं। पावटा के जवाहर नवोदय विद्यालय में पढ़ने वाली खुशबू ने बताया कि ये कार्यक्रम परीक्षा के दौरान आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए बहुत उपयोगी है।

000

राज्य में खेजड़ी के संरक्षण के लिए कानून बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कल विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर हुई बहस का जवाब देते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेजडी राजस्थान का कल्पवृक्ष भी है, प्रदेश की पहचान भी है, जिसकी बढते हुए रेगिस्तान को रोकने में हमेशा सार्थक भूमिका रही है।

श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार विकास और विरासत दोनों को संजोने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य के कल्पवृक्ष खेजड़ी को बचाने के लिए कानून भी लाया जाएगा, ताकि प्रदेश में खेजड़ी संरक्षित रहे।

000

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से प्रेरित होकर राज्य सरकार ने वृक्षारोपण का महाअभियान चलाया और केवल दो वर्षों में 20 करोड़ पौधे लगाए। सरकार ने पांच वर्षों में 50 करोड़ से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया है।

000

अलवर के सरिस्का अभ्यारण्य में आज से बाघ और चीता संरक्षण को लेकर राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की जा रही है। तीन दिन की इस कार्यशाला का उद्घाटन केन्द्रीय वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव करेंगे। कार्यशाला में तकनीकी सत्रों के दौरान मानव बाघ संघर्ष, अखिल भारतीय बाघ आकलन 2026 तथा बाघ आबादी के सक्रिय प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। इस दौरान रेस्क्यू के लिए रोडमैप तथा प्रोजेक्ट चीता की वार्षिक रिपोर्ट का विमोचन किया जाएगा। कार्यशाला में देश के 58 टाइगर रिजर्व क्षेत्र के निदेशक और 18 राज्यों के मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक

हिस्सा ले रहे हैं। कल बर्ड फेस्टिवल मनाया जाएगा, वहीं परसों अलवर टाइगर मैराथन आयोजित की जाएगी।

000

प्रदेश में विकसित भारत–जीरामजी कानून के बारे में लोगों को जानकारी दी जा रही है। इसी कड़ी में सलूम्बर में विभिन्न गांवों में चौपाल लगाकर ग्रामीणों और किसानों को इसके बारे में बताया जा रहा है। साथ ही ग्राम सभाओं के माध्यम से भी लोगों को इस कानून के फायदे बताए जा रहे हैं।

000

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कल नई दिल्ली में भारत टैक्सी का शुभारंभ किया। ये देश का पहला सहकारिता आधारित राइड–हेलिंग प्लेटफॉर्म है। इस अवसर पर श्री शाह ने कहा कि सरकार टैक्सी सेवाओं के क्षेत्र में प्रवेश नहीं कर रही है, बल्कि सहकारिता में कदम रख रही है। उन्होंने कहा कि सहकारिता टैक्सी सेवा के चालकों का समर्थन करेगी। यह चालकों की कमाई बढ़ाएगी और उनके जीवन में समृद्धि लाएगी। श्री शाह ने कहा कि सरकार भारत टैक्सी चालकों द्वारा कमाए गए किराए पर कोई कमीशन नहीं लेगी।

000

भारत टैक्सी प्लेटफॉर्म शून्य–कमीशन और सर्ज–फ्री मूल्य मॉडल पर काम करता है। इसमें चालकों को सीधे इसका लाभ दिया जाता है। यह विदेशी निवेश आधारित एग्रीगेटर प्लेटफॉर्म का एक स्वदेशी विकल्प पेश करता है।

000

भारतीय रिज़र्व बैंक द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा के निर्णय आज घोषित करेगा। गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली समिति ने बुधवार को भारतीय अर्थव्यवस्था, मुद्रास्फीति और अन्य आर्थिक कारकों पर चर्चा शुरू की थी। यह वित्त वर्ष 2025–2026 की अंतिम मौद्रिक नीति समीक्षा है। रिज़र्व बैंक ने पिछले वर्ष फरवरी में रेपो दर में 125 आधार–अंक की कमी की थी। भारतीय स्टेट बैंक के अनुसार, रेपो दर में किसी बदलाव की संभावना नहीं है। बैंक ऑफ अमेरिका की वैश्विक अनुसंधान रिपोर्ट में कहा गया है कि रिज़र्व बैंक का ब्याज दर में कटौती का फिलहाल कोई संकेत नहीं है।

000

सीकर अरबन को–ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड को भारतीय रिजर्व बैंक ने नियमित परिचालन की अनुमति दे दी है। इसके साथ ही बैंक पर 2018 में लगाये गये प्रतिबंध हट गये हैं और बैंक में एक बार फिर नियमित दैनिक बैंकिंग काम और लेनदेन हो सकेगा। बैंक अध्यक्ष डॉ. प्रदीप जोशी ने प्रेस वार्ता में ये जानकारी दी।

000

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने चित्तौड़गढ़ की सिंहपुर ग्राम पंचायत के दो कर्मचारियों को 2 लाख 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। ये राशि विकास कार्यों के बिल भुगतान करने के एवज़ में ठेकेदार से मांगी गई थी।

इधर, एसीबी की जयपुर ग्रामीण टीम ने कल कार्रवाई करते हुए डीडवाना–कुचामन जिले की बाजवास ग्राम पंचायत के सरपंच को एक लाख रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। ब्यूरो पुलिस महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने बताया कि सरपंच ने कमीशन के रूप में ये राशि मांगी थी।

000

पाली में आज से साहित्य संगम युवा महोत्सव और पुस्तक मेला शुरू हो रहा है। पांच दिन चलने वाले इस उत्सव में पाठकों के लिए 10 हजार से ज्यादा किताबें उपलब्ध होंगी। इसके साथ ही विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इनमें आर्ट वर्कशॉप, नाटक मंचन, लोक गायन और ओपन माइक शामिल हैं। वहीं उत्सव में आने वाले विद्यार्थियों को करियर परामर्श भी दिया जाएगा।

000